5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जुलाई 2025

अंक : 507


## अवर सचिव श्रीमती रूपिंदर बरार की भविष्य निधि और पेंशन संबंधी मुद्दों पर बैठक



कोयला मंत्रालय की अवर सचिव श्रीमती रूपिंदर बरार ने नागपूर स्थित वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय में सीएमपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त के साथ एक विस्तृत बैठक की। बैठक में उन्होंने भविष्य निधि और पेंशन संबंधी मुद्दों सहित प्रमुख कर्मचारी कल्याण मामलों पर चर्चा की।

इस यात्रा के दौरान उनके साथ वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री अनिल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन)/निदेशक (मानव संसाधन) के तकनीकी सचिव श्री ए. के. सिंह, बीओटी सदस्य श्री आशीष मूर्ति और वेकोलि के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

श्रीमती बरार के इस बैठक से कोयला मंत्रालय के कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।



## वेकोलि के TARASH प्रोजेक्ट के तिसरे बैच का सुरवात समारोह आईआईटी-जेईई तथा एनईईटी के लिये 40 छात्रों को किया जायेगा प्रशिक्षित



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के सीएसआर के अंतर्गत उत्कृष्ट छात्रों की प्रतिभा निखारने एवं उनकी उच्च शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने हेतु प्रोजेक्ट TARASH (Talent Amplification of Rural Youth through Aggressive Skill Hunt) की शुरुआत की गई। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 40 छात्र-छात्राओं की तिसरे बैच का शुभारंभ वेकोलि मुख्यालय में संपन्न हुवा।

Project TARASH का उद्देश्य वंचित लेकिन प्रतिभाशाली बच्चों को नागपुर में प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में कोचिंग के माध्यम से देश के शीर्ष इंजीनियरिंग और मेडिकल स्नातक संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित परीक्षा के माध्यम से छात्रों का चयन किया गया है।
समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री अनिल कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, CSR समिति के सदस्य, आकाश और नारायणा संस्थानों के प्रतिनिधि, स्कूल के अधिकारी और गौरवान्वित अभिभावक भी उपस्थित थे।



## वेकोलि तथा MSPGCL के बीच उच्च स्तरीय बैठक संपन्न



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद और MSPGCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री राधाकृष्णन बी. के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

बैठक में कोयला आपूर्ति से संबंधित प्रमुख मुद्दों, विशेष रूप से वेकोलि की आगामी कॉस्ट प्लस परियोजनाओं और कोराडी थर्मल पावर स्टेशन (TPS) और चंद्रपुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन (CSTPS) में MAHAGENCO की नियोजित क्षमता विस्तार के लिए कोयले की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई।

चर्चा में वेकोलि के खदानों से आपूर्ति किए गए कोयले की गुणवत्ता और MSPGCL द्वारा भुगतान - वर्तमान और बकाया दोनों - को समय पर जारी करने पर भी चर्चा हुई।



## वेकोलि में आयोजित होंगे पेंशन अदालत सीएमपीएफ एवं पेंशन के लंबित दावों का होगा त्वरित निवारण

वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के विभिन्न क्षेत्रो में लंबित कोयला खान भविष्य निधि एवं पेंशन दावों के शीघ्रातिशीघ्र भुगतान/निपटारे हेतु कोयला खान भविष्य निधि कार्यालय, वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड एवं श्रम संगठन प्रतिनिधियों द्वारा एक अनोखी पहल की है। इस पहल के अंतर्गत वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों में जून-जुलाई 2025 माह में "पेंशन अदालत" का आयोजन किया जा रहा है। इस पेंशन अदालत में वेकोलि, सीएमपीएफ कार्यालय तथा श्रम-संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहकर सीएमपीएफ एवं पेंशन के लंबित मामलों का निपटारा किया जा रहा है। पेंशन अदालत में वेकोलि के सेवानिवृत कर्मी उपस्थित रह कर अपना पक्ष रख सकते है। यह पेंशन अदालत सीएमपीएफ कार्यालय धनवाद द्वारा की गई पहल "प्रयास" के समन्वय में की जा रही है। पहल "प्रयास" के अंतर्गत कोयला खान भविष्य निधि दावों के भुगतान के लिए त्वरित कार्रवाई की जायेगी साथ ही सेवानिवृत कर्मीयों को विषय संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस पहल से दावों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा हो सकेगी।

### वणी क्षेत्र



वेकोलि के वणी क्षेत्र तथा सेंट्रल वर्कशॉप, तड़ाली में 11 जुलाई 2025 को क्षेत्र के लंबित भविष्य निधि (पी.एफ) एवं पेंशन दावों के त्वरित निराकरण हेतु 22वीं त्रिपक्षीय समन्वय समिति बैठक एवं "प्रयास" (PRAYAS – Prompt Resolution for Assured Access to Social Security) के अंतर्गत पेंशन अदालत का समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने भाग लेकर अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। बैठक की अध्यक्षता वणी क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सब्यसाची डे ने की।

इस अवसर पर CMPFO क्षेत्रीय आयुक्त, श्री शशांक रायज़ादा ने पेंशनभोगियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए, पेंशन भुगतान की पारदर्शिता, समयबद्ध निपटान और शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया।

### बल्लारपुर क्षेत्र



वेकोलि के बल्लारपुर क्षेत्र में 04 जुलाई 2025 को बल्लारपुर क्षेत्र के लंबित भविष्य निधि (पीएफ) एवं पेंशन दावों के त्वरित निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री आर. बी. ठाकरे महाप्रबंधक (संचालन) ने की।

बैठक में श्री शशांक रायज़ादा , क्षेत्रीय आयुक्त सीएमपीएफओ नागपुर ने पेंशनभोगियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए, पेंशन भुगतान की पारदर्शिता, समयबद्ध निपटान और शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया।

शिविर में क्षेत्र के लंबित पीएफ एवं पेंशन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। यह शिविर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, त्वरित राहत और प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा है|

### चंद्रपुर क्षेत्र



वेकोलि के चंद्रपुर क्षेत्र में 05 जुलाई 2025 को लंबित भविष्य निधि (पीएफ) एवं पेंशन दावों के त्वरित निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनभोगियों ने भाग लेकर अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं।

बैठक की अध्यक्षता आदरणीय श्री हरिश दातार, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, श्री शशांक रायज़ादा , क्षेत्रीय आयुक्त सीएमपीएफओ नागपुर, संबंधित अधिकारीगण तथा विभिन्न श्रम संघों के सम्मानित प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। श्री रायज़ादा ने पेंशनभोगियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए, पेंशन भुगतान की पारदर्शिता, समयबद्ध निपटान और शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष बल दिया।

शिविर के दौरान क्षेत्र के लंबित पीएफ एवं पेंशन प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## वेकोलि को 'GST दिवस 2025' पर नागपुर क्षेत्र में सर्वाधिक करदाता का अवार्ड

### लगातार आठवें वर्ष वेकोलि ने हासिल किया यह अवार्ड



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को 'GST दिवस 2025' के अवसर पर नागपुर क्षेत्र का सर्वाधिक करदाता होने के लिए विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) के प्रधान आयुक्त श्री अतुल रतोगी द्वारा प्रदान किया गया, जिसे वेकोलि की ओर से महाप्रबंधक (वित्त) सुश्री बी. इंदिरा ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि लगातार आठवें वर्ष वेकोलि को नागपुर क्षेत्र का सर्वाधिक करदाता होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

इस अवार्ड को निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष द्वारा वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर वेकोलि के सभी निदेशक तथा वित्त टीम के सदस्य उपस्थित थे।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, वेकोलि द्वारा कुल ₹4,010.49 करोड़ रुपये का कर भुगतान किया गया, जिसमें नगद एवं ITC (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का समावेश है। यह उपलब्धि पारदर्शी वित्तीय प्रणाली, राष्ट्र-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता एवं एक उत्तरदायी कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में वेकोलि की सकारात्मक भूमिका को दर्शाती है।

## निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने किया नागपुर क्षेत्र का दौरा




वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने नागपुर क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने पाटनसावंगी स्थित आरओ वाटर प्लांट और नागपुर क्षेत्र के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, डॉ. पांडे ने आरओ वाटर प्लांट और नागपुर क्षेत्र के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) के कामकाज की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उचित निर्देश भी दिये।

उन्होंने आरओ वाटर प्लांट और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) में अब तक किए गए प्रयासों की सराहना की और संचालन में गुणवत्ता और दक्षता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) का निरीक्षण के दौरान बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण मॉड्यूल को और मजबूत करने के उद्देश्य से विशिष्ट निर्देश भी दिए।

इस दौरान पर उनके साथ वेकोलि के महाप्रबंधक (खनन/जनसंपर्क) श्री सतीश गबाले, महाप्रबंधक (नई पहल और बीडी) श्री दीपक रेवतकर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक नागपुर क्षेत्र श्री जेवीएसपी राव और मुख्यालय और नागपुर क्षेत्र के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## सुश्री श्रेया गबाले ने किया Team WCL को गौरवान्वित



वेकोलि मुख्यालय में महाप्रबंधक (खनन/जनसंपर्क) के पद पर कार्यरत श्री सतीश गबाले, जनसम्पर्क विभाग की सुपुत्री सुश्री श्रेया गबाले ने MBBS की पढ़ाई पूरी कर पूरे वेकोलि परिवार को गौरवान्वित किया है।

सुश्री श्रेया गबाले बचपन से ही प्रतिभाशाली रही हैं तथा वह देश के लिए अपने दायित्व को सर्वोपरि मानती हैं। इस सफलता को प्राप्त करने में उनको अपने परिवार से प्रोत्साहन प्राप्त हुआ।

सुश्री श्रेया ने अपनी MBBS की पढ़ाई अश्विनी रूरल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सोलापुर से 60.42% अंक प्राप्त कर पूरी की है।

टीम वेकोलि के ओर से सुश्री श्रेया को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

## वेकोलि की सीएसआर पहल से संवर रहा है युवाओं का भविष्य



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की सीएसआर योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाइफ स्किल्स फाउंडेशन के छात्र श्री अंश अनिल कडू को वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे द्वारा सम्मानित कर उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

श्री अंश अनिल कडू ने नौसेना सहित सेना की अन्य महत्वपूर्ण परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की हैं। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से ताल्लुक रखने वाले इस छात्र की सफलता वेकोलि की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वेकोलि की सहायता से 20 प्रतिभाशाली लेकिन वंचित बच्चों को शिक्षा, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।




वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटस्, नागपुर द्वारा मुद्रित।